# ढाई दिन में टेस्ट जीता

## भारत की वेस्टइंडीज पर पारी और 140 रन से जोरदार जीत




- रवींद्र जडेजा ने दूसरी पारी में 4 विकेट चटकाए
- मोहम्मद सिराज ने मैच में कुल 7 विकेट झटके
- बुमराह को दूसरी पारी में नहीं मिला विकेट
- भारत ने वेस्टइंडीज को हरा सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई
- वेस्टइंडीज पहली पारी में 162 और दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर

**अहमदाबाद 4 अक्टूबर.भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच को महज ढाई दिन में खत्म कर दिया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेहमान टीम पहली पारी में मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी के आगे 162 रन पर ढेर हो गई.**

भारत ने केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा की दमदार सेंचुरी की बदौलत 5 विकेट पर 448 रन पर अपनी पहली पारी घोषित की. मैच के तीसरे दिन 286 रन की बढ़त का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में भी बिखर गई. जडेजा और सिराज ने 146 रन पर टीम को ढेर कर पारी और 140 रन की बड़ी जीत दर्ज की.

वेस्टइंडीज की टीम का अहमदाबाद टेस्ट में बुरा हाल हो गया. सीरीज की शुरुआत से पहले जिस तरह के खेल की उम्मीद की जा रही थी टीम इंडिया ने बिल्कुल वैसा ही आक्रामक खेल दिखाया. गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने कहर ढाया तो कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की फिरकी को कैरेबियन टीम समझ ही नहीं पाई.

पहली पारी में 162 रन तक पहुंचने वाली टीम दूसरी पारी में 146 रन ही बना पाई. अहमदाबाद टेस्ट में भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड में जैसा कहर ढाया था वैसा ही नजारा दिखाया. पहली पारी में महज 40 रन देकर 4 विकेट झटके तो दूसरी पारी में और भी खतरनाक नजर आए. 11 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए.

सिराज ने मैच में कुल 7 विकेट झटके. दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने भी गजब की गेंदबाजी की और 13 ओवर में 54 रन देकर 4 विकेट चटकाए.

कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर ने मैच में बाकी गेंदबाजों का भरपूर साथ निभाया. पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट अपने नाम किए थे.

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फेडरर की आलोचना का समर्थन किया

ज्वेरेव बोले– शंघाई मास्टर्स में कोर्ट धीमा कर प्रतिस्पर्धा प्रभावित

ज्वेरेव ने आरोप लगाया कि कोर्ट का सतह मानकीकृत और धीमा किया जा रहा है

सिनर ने कोर्ट की एक समानता स्वीकारी, लेकिन खुद को ढालने की कोशिश की

टेनिस में खेल शैलियों और विविधता की कमी हो गई है : ज्वेरेव



**शंघाई, 04 अक्टूबर.** शंघाई मास्टर्स में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेनिस अधिकारियों पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट कार्लोस अल्काराज और जान्निका सिनर का पक्ष लेने के लिए जानबूझकर कोर्ट की सतहों को मानकीकृत और धीमा कर रहे हैं। ज्वेरेव ने यह टिप्पणी कर रोजर फेडरर की हालिया आलोचना का समर्थन किया, जिन्होंने भी प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए कोर्ट की गति में बदलाव की आवश्यकता बताई थी।

### मुझे नफरत है

अपनी जीत के बाद ज्वेरेव ने स्पष्ट कहा, फ्मुझे नफ़रत है जब सब कुछ एक जैसा होता है। टूर्नामेंट निदेशक जानबूझकर चाहते हैं कि जान्निका और कार्लोस हर टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करें, और वे इसी को प्राथमिकता देते हैं।फ्र सिनर ने भी कोर्ट की विविधता की कमी स्वीकार की, हालांकि उन्होंने कहा कि वह खुद को बेहतरीन तरीके से ढालने की कोशिश करते हैं। ज्वेरेव ने निष्कर्ष निकाला कि पिछले एक दशक में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने ज़ोर दिया कि अब हर सतह पर एक ही तरह से खेला जा सकता है, जिससे विविध खेल शैलियों की कमी हो गई है। उनका मानना है कि टेनिस को खेल शैलियों और थोड़ी विविधता की आवश्यकता है, जिसकी कमी अब टूर पर खल रही है।

# फ्लोरा डेवोनशायर विश्व कप से बाहर

## अभ्यास के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय हाथ में लगी चोट




**गुवाहाटी, 04 अक्टूबर.** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर हाथ की चोट के कारण भारत और श्रीलंका में चल रहे महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। न्यूजीलैंड ने उनकी जगह तेज गेंदबाजी ऑल राउंडर हन्ना रोवे को टीम में शामिल किया है। डेवोनशायर को

### डॉक्टरों ने दो से तीन हफ्ते आराम की सलाह दी

### ऑलराउंडर हन्ना रोवे को टीम में शामिल किया

प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएँ हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें ठीक होने में दो से तीन हफ्ते लगने की उम्मीद है। उनकी जगह टीम में शामिल हुई रोवे इससे पहले दो एकदिवसीय विश्व कप खेल चुकी हैं और 60 एकदिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने इस बदलाव पर कहा, हम सभी फ्लोरा के लिए दुखी हैं। उन्होंने इस टीम में अपनी जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है और यह बहुत अफसोस की बात है कि वह टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगी।




# एकता ने जीता रजत पदक

## प्रवीण और सोमन को कांस्य पदक

### विश्व पैरा एथलेटिक्स

- एकता भ्यान ने महिलाओं की क्लब थ्रो F51 में 19.80 मीटर से रजत जीता
- पुरुष ऊंची कूद प्रवीण ने 2.00 मीटर छलांग से कांस्य जीता
- पुरुष शॉट पुट में राणा ने 14.69 मीटर के थ्रो से कांस्य जीता

**नई दिल्ली, 04 अक्टूबर। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के अंतिम दिन भारत को तीन और पदक मिले। इन पदकों के साथ भारत की कुल पदक तालिका अब 18 पदकों (छह स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य) पर पहुँच गई है।श**

ानिवार को एकता भ्यान ने महिलाओं की क्लब थ्रो स्त्र51 स्पर्धा में 19.80 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय एथलीट कशिश लाकरा छठे स्थान पर रहीं। पुरुषों की ऊंची कूद ञ्64 स्पर्धा में, पैरालिंपिक और एशियाई खेल चैंपियन प्रवीण कुमार 2.00 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक ही हासिल कर पाए। पुरुषों की शॉट पुट स्त्र57 स्पर्धा में सोमन राणा 14.69 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक जीतने में सफल रहे।

### अन्य महत्वपूर्ण परिणाम

शुक्रवार को महिलाओं की 100 मीटर ञ्12 में स्वर्ण जीतने वाली सिमरन शर्मा ने 200 मीटर हीट में 25 .03 सेकंड के समय के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

# कियारा को चौथा स्वर्ण, भारत की निमिशा ने बनाया एशियाई रिकॉर्ड

## पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप : निमिशा ने 5 .74 मीटर लगाई छलांग, पदक से चूकीं




**नयी दिल्ली, 04 अक्टूबर।** कियारा रोड्रिग्ज ने शनिवार को यहां इंडियनऑयल नयी दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस दौरान भारत की निमिशा सुरेश चक्कुंगलपरम्बिल को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा, लेकिन उन्होंने एक नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी प्रतियोगिता में कियारा रोड्रिग्ज ने अपने पहले प्रयास में 6.29 मीटर की छलांग लगाकर अपनी जीत सुनिश्चित की। उन्होंने अपने पांचवें प्रयास में 5.84 मीटर की छलांग लगाने वाली डेनमार्क की ब्योर्क नोएरेमार्क को पछाड़ दिया, जिन्होंने रजत पदक जीता। निमिशा सुरेश चक्कुंगलपरम्बिल ने तीसरे प्रयास में 5.74 मीटर की छलांग के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया, लेकिन वह पोडियम से चूक गईं। हंगरी की पेट्रा लुटेरन ने 6.00 मीटर के निशान से सिर्फ 2 सेमी कम छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ी निमिषा अपने आखिरी दो प्रयासों में बेहतर छलांग नहीं लगा पाई और पोडियम से बाहर हो गईं।

निमिशा के अलावा, दयावंती (महिला डिस्कस थ्रो एफ64) और सात पुरुष एथलीट - दिलीप महादु गावित (400 मीटर टी47), हैनी (डिस्कस थ्रो एफ37), सागर थायत (डिस्कस थ्रो एफ44), राहुल (ऊंची कूद टी63), पुष्पेंद्र सिंह (भाला फेंक टी44), अजीत सिंह यादव (भाला फेंक टी46) और सचिन सरजेराव खिलियारी (गोला फेंक एफ46) भी पदक से चूक गए।

### टूटे रिकॉर्ड्स

शनिवार को दो और चैंपियनशिप रिकॉर्ड बने- माइकल ब्रैनिगन (अमेरिका) ने पुरुषों की 1500 मीटर टी-20 और ईरान के अली बाजियारशूरिजेह ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही नयी दिल्ली 2025 में अब तक 27 विश्व रिकॉर्ड और 87 नए मीट रिकॉर्ड बन चुके हैं।पदक तालिका में ब्राज़ील 12 स्वर्ण, 18 रजत और 7 कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। चीन कुल 40 पदकों (9 स्वर्ण, 18 रजत, 13 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर है। पोलैंड के बाद मेजबान भारत 6 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है।

## एक नजर में

### फेनेस्टा नेशनल में मनीष और वैष्णवी का दबदबा

**नई दिल्ली.** डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में मनीष सुरेशकुमार और वैष्णवी अड़कर ने निर्णायक प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में एकल खिताब अपने नाम किए। पुरुष फाइनल में, मनीष ने अपने साथी खिलाड़ी कीर्तिवस्सन सुरेश को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से मात दी। इस जीत के बाद मनीष ने इसे अपना दूसरा राष्ट्रीय खिताब बताते हुए कहा कि यह सफलता उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास देगी। विजेता मनीष को 3,00,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता कीर्तिवस्सन को 2,00,000 रुपये मिले। महिला वर्ग में, वैष्णवी अड़कर ने घुटने की चोट से उबरते हुए महाराष्ट्र की अपनी साथी खिलाड़ी आकांक्षा नट्टूरे को 6-1, 6-2 के आसान स्कोर से हराकर खिताब जीता।

### कुदुस की चमक से टोटेनहम ने लीड्स को हराया

**लीड्स.** मोहम्मद कुदुस के शानदार प्रदर्शन (एक गोल और एक असिस्ट) की बदौलत टोटेनहम हॉटस्पर ने शनिवार को प्रीमियर लीग में लीड्स यूनाइटेड को 2-1 से हरा दिया। यह जीत एक साल से अधिक समय में एलैंड रोड पर लीड्स की पहली घरेलू हार थी। कुदुस ने पहले मथायस टेल के लिए गोल बनाने में सहायता की, जो प्रीमियर लीग अभियान में उनकी चौथी असिस्ट थी। इसके बाद 55 मिलियन के इस खिलाड़ी ने बारिश से भीगे दूसरे हाफ में क्लब के लिए अपना पहला गोल दागा। इस जीत के साथ स्पर्स (टोटेनहम) अस्थाई रूप से 14 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुँच गया है, जो लिवरपूल से सिर्फ एक अंक पीछे है।

### वयोवृद्ध प्रशासक एनके भाटिया का निधन

**नई दिल्ली.** दिल्ली फुटबॉल के वयोवृद्ध प्रशासक एनके भाटिया का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। भाटिया फुटबॉल दिल्ली के उपाध्यक्ष थे और उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में फुटबॉल के उत्थान के लिए अथक प्रयास किया था। उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की विभिन्न स्थायी समितियों में भी पद संभाले थे।

### सेमीफाइनल में मंजू और अमित पंघाल

**नई दिल्ली.** बीएफआई कप 2025 मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अनुभवी और युवा भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिलाओं के ड्रा में विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता मंजू रानी (रेलवे), विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो (असम), पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी (सर्विसेज), अंडर-22 रजत पदक विजेता प्रिया (हरियाणा) और विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता परवीन हूडा (साई) ने प्रभावशाली जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में, एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (सर्विसेज), विश्व कप ब्राजील कांस्य पदक विजेता मनीष राठौर (एआईपी) और अंडर-22 एशियाई कांस्य पदक विजेता रॉकी (एआईपी) ने भी अपनी फॉर्म बरकरार रखते हुए अगले दौर में प्रगति की।

### भुल्लर संयुक्त बढ़त पर

**नई दिल्ली.** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के फाइनल दौर में तीन खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बढ़त पर बने हुए हैं। भुल्लर ने एक अंडर 69 का कार्ड खेला।

# किदाम्बी श्रीकांत सेमीफाइनल में पराजित

## अल ऐन मास्टर्स : महिला फाइनल में पहुंचीं तस्नीम-श्रीयांशी



**अल ऐन, 04 अक्टूबर।** पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत का यूएसडी 120,000 अल ऐन मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया, लेकिन महिला एकल में तस्नीम मीर और श्रीयांशी वालिसेट्टी ने ऑल-इंडियन फाइनल सुनिश्चित किया।

श्रीकांत सेमीफाइनल में मलेशिया के शोलेह ऐदिल से 50 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 4-21, 21-11, 19-21 से हार गए।

महिला एकल में, पूर्व बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर नंबर 1 तस्नीम मीर ने तुर्की की पांचवीं वरीयता प्राप्त नेस्लिहान अरिन को 9-21, 21-17, 21-10 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, सातवीं वरीयता प्राप्त श्रीयांशी वालिसेट्टी ने इंडोनेशिया की चियारा मर्वेला हैंडयो को 21-11, 21-12 से हराकर अपना पहला फाइनल प्रवेश सुनिश्चित किया। पुरुष युगल में, भारतीय जोड़ी हरिहरन अमसकारूनन और एम आर अर्जुन ने भी सिंगापुर के एनजी कीट वेस्ले कोह और जुन्सुके कुबो की जोड़ी को 20-22, 21-14, 21-16 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# सबालेंका करेंगी खिताब का बचाव

## चाइना ओपन में कोको गॉफ बाहर



**नई दिल्ली 4 अक्टूबर.** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका एक संक्षिप्त चोट से उबरने के बाद अगले सप्ताह वुहान ओपन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए तैयार हैं। सबालेंका, जो तीन बार की वुहान विजेता हैं, ने पिछले महीने यूएस ओपन में अपना चौथा ग्रैंड स्लैम जीता था। मुख्य ड्रा सोमवार से शुरू होगा, जिसमें इगा स्विएटेक भी शीर्ष वरीय खिलाड़ियों में शामिल हैं।

इसी बीच, बीजिंग में चल रहे चाइना ओपन से जुड़ी बड़ी खबर है कि वुहान ओपन में शीर्ष वरीय खिलाड़ियों में से एक, कोको गॉफ, सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गई हैं। यूएस ओपन उपविजेता अमांडा अनिसिमोवा ने शनिवार को गॉफ को महज 58 मिनट में 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त देकर अपने पहले चाइना ओपन फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट और घरेलू प्रशंसकों के लिए एक झटका देते हुए, स्थानीय पसंदीदा और ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने कोहनी की सर्जरी से वापसी के बाद शुक्रवार को वुहान ओपन से नाम वापस ले लिया। झेंग ने कहा कि उनका शरीर अभी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं लौटा है।

**विश्व कप क्रिकेट** — **भारत-पाक महिला महामुकाबला कोलंबो में आज**

# जिससे भी मिलो, वही जीतने को कहता है



हरमनप्रीत-फातिमा आमने-सामने, दर्शकों में रोमांच चरम पर

भारत ने श्रीलंका को हराकर टूर्नामेंट में दमदार आगाज़ किया

हरमनप्रीत बोलीं—टीम हर मैच में फोकस बनाए रखेगी

**कोलम्बो, 04 अक्टूबर।भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में श्रीलंका पर 59 रनों की शानदार जीत दर्ज कर अपने पहले आईसीसी खिताब की तलाश शुरू कर दी है। इस दमदार शुरुआत के बाद अब सभी की निगाहें 5 अक्टूबर को कोलंबो में होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले पर टिकी हैं, जहाँ हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरेगी।**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत-पाकिस्तान मैचों पर बात करते हुए कहा, हम इन मैचों को देखते हुए बड़े हुए हैं और हमेशा से इनका हिस्सा बनना चाहते थे। उन्होंने ज़ोर दिया कि टीम इसे किसी भी अन्य मैच की तरह ही मानती है, लेकिन ध्यान केंद्रित बनाए रखना सबसे ज़रूरी है।

ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने प्रतिद्वंद्विता के वजन को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान मैचों का रोमांच हमेशा अन्य मैचों की तुलना में ज़्यादा होता है। हम उस मुकाबले का बेसब्री से इंतज़ार करते हैं और हमेशा तैयार रहते हैं,

उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने मैच के इर्द-गिर्द के माहौल पर बात करते हुए कहा, भारत-पाकिस्तान मैचों के दौरान माहौल हमेशा बहुत ही रोमांचक होता है; यह हमेशा फुल हाउस होता है। सुबह से मिलने वाला हर व्यक्ति आपको जीतने के लिए कहता है। इस तरह का माहौल कभी-कभी आपके अंदर का सर्वश्रेष्ठ भी सामने लाता है, और टीम इसका पूरा आनंद लेती है।

### टीम आत्मविश्वास से परिपूर्ण




पाकिस्तान की कप्तान फ़ातिमा सना ने भी इस मुकाबले से पहले अपनी टीम का आत्मविश्वास दर्शाया। उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों के साथ अपने दोस्ताना रिश्ते को याद किया और बताया कि 2022 विश्व कप के बाद भारतीय टीम उनसे मिलने आई थी, जिसे उन्होंने एक खास पल बताया।भारत के खिलाफ पाकिस्तान की संभावनाओं पर फ़ातिमा ने कहा, पिछले कुछ महीनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। सभी अच्छी फॉर्म में हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने माना कि भारतीय टीम मजबूत है और उन्होंने पिछली सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंधाना, जेमिमा और ऋचा का शानदार प्रदर्शन देखा है। फ़ातिमा ने कहा कि उनकी टीम परिस्थितियों से वाकिफ है और वह अपनी सर्वश्रेष्ठ योजनाओं पर अमल करते हुए मैच जीतने की कोशिश करेगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार 5 अक्टूबर को कोलम्बो में खेला जाएगा।